भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1458**

जिसका उत्तर 13.02.2025 को दिया जाना है

**नेशनल ग्रीन हाइवे पॉलिसी**

1458. श्री प्रद्युत बोरदोलोई:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ग्रीन हाइवे पॉलिसी लागू होने के बाद से काटे और उखाड़े गए वृक्षों की संख्या और इसी अवधि के दौरान इस नीति के अंतर्गत लगाए गए वृक्षों की संख्या का राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ख) लगाए जाने वाले पौधों की संख्या और कवर किए जाने वाले राजमार्गों की लंबाई और लगाए गए पौधों की वास्तविक संख्या और कवर किए गए राजमार्गों के संबंध में निर्धारित लक्ष्यों का वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(ग) इस नीति के अंतर्गत लगाए गए पौधों के जीवित रहने की दर और उनके राष्ट्रीय औसत का राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या राजमार्गों के विस्तार के लिए इस नीति के अंतर्गत लगाए गए पेड़ों की कटाई की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या इस नीति के अंतर्गत केवल संबंधित क्षेत्र की मूल प्रजातियों को ही लगाया गया है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) सक्षम प्राधिकारी की अनुमति प्राप्त करने के पश्चात राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास के लिए न्यूनतम संख्या में पेड़ों की कटाई की गई है।

हरित राजमार्ग नीति 2015 और आईआरसी-एसपी-21-2009 के अनुसार काटे गए पेड़ों की संख्या का विवरण **अनुबंध-I** के रूप में संलग्न है और 2015-2016 से वर्षवार लगाए गए पेड़ों का विवरण **अनुबंध-II** के रूप में संलग्न है।

(ख) वार्षिक वृक्षारोपण कार्य योजनाओं के निर्माण के माध्यम से प्रत्येक वर्ष विशिष्ट लक्ष्य निर्धारित किए जाते हैं। लगाए जाने वाले पौधों की संख्या और कवर किए जाने वाले राजमार्गों की लंबाई के लक्ष्य मध्य भाग (मीडियन) में रोपण योग्य भूमि की उपलब्धता और मार्गाधिकार (आरओडब्ल्यू) के आधार पर निर्धारित किए जाते हैं। वर्ष 2024-25 के लिए,

61.86 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया था। 31 जनवरी, 2025 तक, लक्ष्य से अधिक कुल 67.14 लाख पौधे लगाए जा चुके हैं।

(ग) अनुबंध समझौते के अनुसार पेड़ों और झाड़ियों की खराब होती स्थिति, प्रतिस्थापन की आवश्यकता वाले पेड़ों और झाड़ियों आदि दोष/कमी को ठीक करने की जिम्मेदारी संविदाकार की है और इसे फील्ड इकाइयों द्वारा सुनिश्चित किया जाता है। हरित राजमार्ग नीति के तहत लगाए गए पौधों की राज्यवार जीवित रहने की दरें **अनुबंध-III** में दी गई हैं।

(घ) एनएच विनिर्देशों के अनुसार सड़क के चौड़ीकरण/उन्नयन के दौरान, परिधीय/आरओडब्ल्यू के अंतर्गत चिह्नित पेड़ों को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) के दिशा-निर्देशों के अनुसार और संबंधित वन विभाग की सहायता से काटा जाता है।

(ङ) लगाई गई प्रजातियां आईआरसी:एसपी :21-2009 और हरित राजमार्ग (वृक्षारोपण, प्रत्यारोपण, सौंदर्यीकरण और रखरखाव) नीति 2015 के अनुरूप हैं। इन दिशानिर्देशों में अधिकतम अस्तित्व और पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय कृषि-जलवायु दशाओं, मिट्टी के प्रकार और पारिस्थितिक उपयुक्तता के आधार पर पौधों की प्रजातियों का चयन अनिवार्य किया गया है।

**अनुबंध ।**

**"नेशनल ग्रीन हाइवे पॉलिसी"** के संबंध में श्री प्रद्युत बोरदोलोई द्वारा पूछे गए दिनांक 13.02.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1458 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

2020-21 से 2023-24 के दौरान काटे गए पेड़ों की संख्या

| **क्र. सं.** | **क्षेत्रीय कार्यालय** | **काटे गए पेड़ों की संख्या** |
|---|---|---|
| 1 | कर्नाटक | 539,086 |
| 2 | मध्य प्रदेश | 158,463 |
| 3 | ओडिशा | 577,794 |
| 4 | चंडीगढ़ (हरियाणा) | 213,697 |
| 5 | चंडीगढ़ (पंजाब) | 311,019 |
| 6 | तमिलनाडु | 39,542 |
| 7 | उत्तराखंड | 33,991 |
| 8 | दिल्ली | 259,378 |
| 9 | गुजरात | 761,282 |
| 10 | असम | 94,849 |
| 11 | तेलंगाना | 39,852 |
| 12 | मध्य प्रदेश | 154,293 |
| 13 | राजस्थान | 61,177 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 113,825 |
| 15 | पश्चिम बंगाल | 144,626 |
| 16 | तमिलनाडु | 79,807 |
| 17 | महाराष्ट्र | 162,382 |
| 18 | महाराष्ट्र | 289,001 |
| 19 | बिहार | 158,103 |
| 20 | छत्तीसगढ़ | 208,199 |
| 21 | झारखंड | 105,753 |
| 22 | हिमाचल प्रदेश | 82,265 |
| 23 | केरल | 68,916 |
| 24 | उत्तर प्रदेश | 195,798 |

| | | |
|---|---|---|
| 25 | उत्तर प्रदेश | 345,776 |
| 26 | आंध्र प्रदेश | 108,433 |
| 27 | मणिपुर | 1,17,812 |
| 28 | नागालैंड | 74,453 |
| 29 | त्रिपुरा | 31,655 |
| 30 | अरुणाचल प्रदेश | 44,180 |
| 31 | मेघालय | 19,530 |
| 32 | मिजोरम | 38,764 |
| 33 | सिक्किम | 76,893 |

**अनुबंध II**

**"नेशनल ग्रीन हाइवे पॉलिसी"** के संबंध में श्री प्रद्युत बोरदोलोई द्वारा पूछे गए दिनांक 13.02.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1458 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

| **क्र. सं.** | **राज्य** | **3 वर्षों का संचयी वृक्षारोपण (2015-16 से 2017-18) (एवेन्यू तथा मध्य भाग में पौधों की संख्या और औसत वृक्षारोपण लाख में)** | **2018-19 में वृक्षारोपण (एवेन्यू तथा मध्य भाग में पौधों की संख्या और औसत वृक्षारोपण लाख में)** | **2019-20 में वृक्षारोपण (एवेन्यू तथा मध्य भाग में पौधों की संख्या और औसत वृक्षारोपण लाख में)** | **2020-21 में वृक्षारोपण (एवेन्यू तथा मध्य भाग में पौधों की संख्या और औसत वृक्षारोपण लाख में)** | **2021-22 में वृक्षारोपण (एवेन्यू तथा मध्य भाग में पौधों की संख्या और औसत वृक्षारोपण लाख में)** | **2022-23 में वृक्षारोपण (एवेन्यू तथा मध्य भाग में पौधों की संख्या और औसत वृक्षारोपण लाख में)** | **2023-24 में वृक्षारोपण (एवेन्यू तथा मध्य भाग में पौधों की संख्या और औसत वृक्षारोपण लाख में)** | **2024-25 में वृक्षारोपण (31 जनवरी 2025 तक) (एवेन्यू तथा मध्य भाग में पौधों की संख्या और औसत वृक्षारोपण लाख में)** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 6.34 | 1.47 | 4.8 | 3.01 | 1.67 | 1.58 | 1.14 | 2.11 |
| 2 | असम | 1.01 | 0.73 | 0.04 | 2.55 | 1.73 | 0.93 | 2.74 | 1.32 |
| 3 | बिहार | 1.62 | 0.64 | 0.93 | 0.72 | 2.03 | 2.12 | 2.38 | 3.35 |
| 4 | छत्तीस गढ़ | 2.02 | 0.86 | 0.54 | 1.18 | 1.02 | 1.33 | 1.17 | 1.05 |
| 5 | दिल्ली | 0.5 | 5.5 | 0.02 | 2.13 | 9.50 | 3.44 | 3.60 | 8.95 |
| 6 | गुजरात | 4.96 | 0.65 | 1.06 | 2.78 | 2.38 | 4.51 | 3.69 | 5.34 |
| 7 | हरियाणा | 6.46 | 4.25 | 0.28 | 2.52 | 1.59 | 2.19 | 2.98 | 5.59 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 0.16 | 0.08 | 0.23 | 0.68 | 0.71 | 0.82 | 0.32 | 0.62 |
| 9 | जम्मू | 0.41 | 0.38 | 0.06 | 0.13 | 0.47 | 0.87 | 0.87 | 1.17 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | और कश्मीर | | | | | | | | |
| 10 | झारखंड | 1.32 | 0.86 | 0.26 | 1.16 | 2.53 | 1.07 | 0.92 | 1.01 |
| 11 | कर्नाटक | 7.51 | 1.75 | 3.73 | 3.51 | 3.73 | 2.86 | 2.23 | 2.79 |
| 12 | केरल | 0.9 | 0.24 | 0.15 | 0.33 | 0.24 | 0.16 | 0.18 | 0.03 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 0.49 | 2.31 | 5.3 | 3.94 | 5.77 | 10.18 | 7.04 | 8.49 |
| 14 | महाराष्ट्र | 7.46 | 0.64 | 4.62 | 4.22 | 7.97 | 6.04 | 5.25 | 3.98 |
| 15 | ओडिशा | 2.91 | 2.04 | 1.73 | 2.90 | 3.78 | 3.40 | 2.68 | 2.53 |
| 16 | पंजाब | 3.98 | 0 | 1.98 | 4.81 | 2.96 | 2.45 | 2.33 | 4.36 |
| 17 | राजस्थान | 8.1 | 1.52 | 2.07 | 4.79 | 9.45 | 12.46 | 8.10 | 4.19 |
| 18 | तमिल नाडु | 6.44 | 1.82 | 2.92 | 2.86 | 2.47 | 2.55 | 2.62 | 4.16 |
| 19 | तेलंगाना | 3.09 | 0.18 | 0.59 | 3.27 | 2.18 | 2.74 | 0.74 | 0.71 |
| 20 | उत्तर प्रदेश | 6.74 | 3.8 | 3.56 | 6.31 | 5.41 | 6.27 | 4.81 | 3.36 |
| 21 | उत्तराखंड | 0 | 0.52 | 0.15 | 2.10 | 2.12 | 1.23 | 0.56 | 0.39 |
| 22 | पश्चिम बंगाल | 3.85 | 1.03 | 1.2 | 3.04 | 2.38 | 2.37 | 1.87 | 1.16 |
| 23 | त्रिपुरा | **0** | **0** | 0.0515 | 0.0164 | 0.042 | 0.0027 | 0.0552 | 0.00538 |
| 24 | मणिपुर | 0 | 0 | 0 | 0.10973 | 0.0255 | 0.02957 | 0.01891 | 0.07833 |
| 25 | नागालैंड | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0.1391 | 0.27508 | 0.3422 | 0.33118 |
| 26 | मेघालय | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.0018 |
| 27 | मिजोरम | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00548 |
| 28 | सिक्किम | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.03355 | 0.026 | 0 | 0 |

**अनुबंध III**

**"नेशनल ग्रीन हाइवे पॉलिसी"** के संबंध में श्री प्रद्युत बोरदोलोई द्वारा पूछे गए दिनांक 13.02.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1458 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

| राजमार्गों के किनारे लगाए गए पौधों की जीवित रहने की दर | | |
|---|---|---|
| क्र. सं. | राज्य | जीवित रहने की दर % |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 82.25% |
| 2 | असम | 82.02% |
| 3 | बिहार | 76.41% |
| 4 | छत्तीसगढ़ | 86.91% |
| 5 | दिल्ली | 81.34% |
| 6 | गुजरात | 83.15% |
| 7 | हरियाणा | 86.97% |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 90.63% |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | 80.30% |
| 10 | झारखंड | 73.06% |
| 11 | कर्नाटक | 83.93% |
| 12 | केरल | 91.50% |
| 13 | मध्य प्रदेश | 82.16% |
| 14 | महाराष्ट्र | 84.85% |
| 15 | ओडिशा | 76.08% |
| 16 | पंजाब | 87.60% |
| 17 | राजस्थान | 75.35% |
| 18 | तमिलनाडु | 79.00% |
| 19 | तेलंगाना | 93.35% |
| 20 | उत्तर प्रदेश | 83.42% |
| 21 | उत्तराखंड | 93.15% |
| 22 | पश्चिम बंगाल | 80.45% |
| 23 | मणिपुर | 90% |
| 24 | नागालैंड | 70% |
| 25 | त्रिपुरा | 70% |

*****